Khabro ki Dunia, Jaipur	23 Nov 2023	Page No.

नेस्ले इंडिया के सीएमडी स्टूडेंट्स से कन्वोकेशन कार्यक्रम में होंगे रूबरू

खबरों की दुनिया

जयपुर। अजमेर रोड स्थित जेके लक्ष्मीपत यूनिवर्सिटी के ग्यारहवें कन्वोकेशन एवं फाउंडर्स डे सेरेमनी का आयोजन 23 नवंबर को किया जाएगा। इस दौरान 191 स्टूडेंट्स को डिग्री एवं इनमे से 6 स्टूडेंट को गोल्ड मैडल वितरित किए जायेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नेस्ले इंडिया के सीएमडी सुरेश नारायनन शामिल होंगे। नारायनन को पूरी दुनिया में कंज्यूमर गुड्स के बेहतरीन प्रोफेशनल्स में एक मना जाता है एवम वे इस क्षेत्र में सफलता के कई मानक स्थापित कर चुके है।

यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. धीरज सांघी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान समूह के बोर्ड सदस्यों के साथ ही विभिन्न गणमान्य लोग उपस्थित होंगे जो छात्रो का उत्साहवर्धन करने के साथ ही उनके प्रगति पथ को प्रशस्त करने के राह सुझाएंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान यूनिवर्सिटी की वर्षभर की उपलब्धियों एवं स्टूडेंट्स के संबंधित विभिन्न डाटा एवं आगामी योजनाओं के बारे में बताया जाएगा। उन्होंने बताया कि यूनिवर्सिटी में देशभर से बडी संख्या में नामचीन हस्तियां शिरकत करेंगी।

jui